aglasem.com

अभ्यास प्रश्न पत्र

कक्षा 3

हिन्दी

अधिकतम अंक: 60 अवधि : 2.5 घंटे

सामान्य निर्देश
:

1. सभी प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़िए.
2. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं
3. प्रश्न पत्र को चार भागों में बांटा गया है:
   खंड अ : पठन-16 अंक
   खंड ब : लेखन-12 अंक
   खंड स : व्याकरण-12 अंक
   खंड द : पाठ्य पुस्तक-20 अंक
4. सभी प्रश्नों के अंक उनके सामने अंकित किए गए हैं

खंड अ : पठन

1. दिए गए अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िए । **4x2=8**

हिरण और कौआ बहुत अच्छे दोस्त थे। वे दोनों हर दुख-सुख में एक दूसरे का साथ दिया करते थे। एक दिन हिरण एक जाल में फँस गया । हिरन चिल्लाने लगा, तभी वहां कौआ आया और उसने हिरन से कहा तुम ऐसे लेट जाओ जैसे कि तुम मर गए हो। हिरन ने आपने दोस्त की बात मानी और वैसे ही करा।

थोड़ी देर बाद वहाँ शिकारी आया और उसने देखा कि हिरन तो मर गया, ये देखकर वो बहुत खुश हुआ। शिकारी ने जल्दी से जाल खोला और जाल खुलते ही हिरन वहाँ से भाग निकला।

अनुच्छेद पर आधारित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सही उत्तर को चुनिए ।

docs.aglasem.com

aglasem.com

(i) हिरण का दोस्त कौन था ?

(a)कौवा b) शिकारी c) किसान d)सियार

(ii) हिरण कहाँ फँस गया था ?

(a) पानी में b) झाड़ी में c)जाल में d) कीचड़ में

(iii) हिरण ने जाल में फँसने पर क्या किया ?

.(a) चिल्लाने लगा b) हँसने लगा c) रोने लगा d)छटपटाने लगा

(iv) अंत में हिरण का क्या हुआ ?

(a) मर गया b) भाग गया c) पकड़ा गया d) डर गया

प्रश्न **2 :** दिए गए अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िए **4x2=8**

आज नील के स्कूल की छुट्टी है। उसकी टीचर ने बताया था कि कल गणतंत्र दिवस है । अब वह गणतंत्र दिवस के बारे में जानने के लिए उत्सुक था। उसने अपने पिताजी के पास जा कर पूछा, "गणतंत्र दिवस कैसे मानते हैं ?" नील के पिताजी उसे बताया कि गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह दिल्ली में राजपथ पर आयोजित किया जाता है। समारोह में परेड का आयोजन भी किया जाता है। इस दिन किसी अन्य देश के राज्य प्रमुख या सरकार के प्रमुख को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जाता है। नील यह सब जानकर बहुत खुश हुआ। उसने अपने पिताजी से कहा,"मैं अपने दोस्तों को भी यह बात बताऊँगा।"

प्रश्नों के सही उत्तर को चुनिए .

i) नील को क्या जानने की उत्सुकता थी ?

(a) गणतंत्र दिवस के बारे में b) देश के बारे में c) परिवार के बारे में d) स्कूल के बारे में

ii) नील के स्कूल में छुट्टी क्यों थी ?

(a) होली की b) दिवाली की c) स्वतंत्रता दिवस की d) गणतंत्र दिवस की

iii) गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह कहाँ मनाया जाता है ?

(a) उत्तर प्रदेश में b) मुंबई में c) दिल्ली में d) पंजाब में

iv) मेहमान का समान अर्थ वाला शब्द है ?


(a) राजा b) राष्ट्रपति c) अतिथि d) पड़ोसी

docs.aglasem.com

aglasem.com

खंड ब : लेखन

प्रश्न **3.** दिए गए शब्दों की सहायता से दोनों चित्रों में कोई तीन अंतर ढूंढ कर लिखिए। **(6)**



सूरज , घोड़ा , पेड़ ,फल , कुत्ता , बिल्ली , लड़का

docs.aglasem.com

aglasem.com

_____
_____
_____
_____

या

यहाँ पर एक फल का चित्र दिया गया है । उसे ध्यान से देखिए और उसके बारे में 4 से 5 वाक्य लिखिए ।

फल का नाम :_____
कहाँ लगता है ?_____
स्वाद :_____
मुझे _____ लगता है
मुझे _____
क्या इसको किसी और नाम से भी जानते हैं?



प्रश्न **4.** दिए गए चित्र को देख कर बताइए कि क्या यह बच्चा कुछ गलत कर रहा है **?**

(6)



_____

आपको क्या लगता है कि यह क्या गलत कर रहा है ?

_____
_____
_____

इसकी गलती को कैसे ठीक किया जा सकता है ?

_____
_____
_____

docs.aglasem.com

aglasem.com

दृष्टि बाधित बच्चों के लिए

क्या हमें पानी बचाना चाहिए ? पानी बचाने के लिए कोई एक उपाय बताइए ?
या

रीता ने एक कहानी लिखनी शुरू की है ।इस कहानी को पूरा करने में जरा उसकी मदद कीजिए।

इसके आगे 5 से 6 वाक्य जोड़ कर इसे पूरा कीजिए ।

नीचे दिए शब्दों की सहायता ले सकते हैं ।

खरगोश , दोस्त, खेलते , चिड़िया पकड़ते , छुप , दिख गया , पेड़ के पीछे , पकड़ा गया, हँसते रहे ।

“ एक जंगल में एक हाथी रहता था। वह बहुत ही मस्त था । सबसे मिल जुल कर रहता था । एक दिन **.....**

_____
_____
_____
_____
_____
_____
_____

खंड स : व्याकरण

प्रश्न 5. निर्देश के अनुसार कीजिए :

अ) दिए गए शब्दों के उलटे अर्थ वाले शब्द बॉक्स में से छाँट कर लिखिए ।

(3 x 2 = 6)

खत्म , आसान , जीत

हार x _____

मुश्किल x _____

docs.aglasem.com

aglasem.com

ब) दिए गए शब्दों में से नाम वाले शब्द छाँट कर लिखिए :

गुस्सा खेलना खेत पुस्तक

_____ _____

स) नाम वाले शब्द चुन कर गोला लगाइए ।

कोयल , खेलना , दौड़ना , किताब

प्रश्न **6 :** प्रश्नों को पढ़ कर उत्तर दीजिए **(2 x 3= 6)**

अ)निम्नलिखित शब्द के वाक्य बनाओ

- आसमान:_____
- हाथी:_____

ब) नीचे कुछ शब्द दिए गए हैं उनमें से पानी की तुकबंदी वाले शब्दों पर गोला लगाइए

काली	नानी	रीना	मीन	मानी
पीना	पिन	रानी	खीर	हीरा

स) रेखांकित शब्द का विलोम शब्द चुनिए ;

- <u>जवाब</u> दो । सवाल /उत्तर
-
- दरवाजा <u>बंद</u> था । खुला/ भीड़

खंड द : पाठ्यपुस्तक

docs.aglasem.com

aglasem.com

प्रश्न **7 .** शेखीबाज मक्खी पाठ की दी गई पंक्तियों को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए.

(4 x 2 =8)

मक्खी बोली- वरना क्या कर लोगे? मैं क्या तुम से डर जाऊंगी? मैं तो तुमसे भी लड़ सकती हूं। हिम्मत हो

तो आ जाओ।

- मक्खी यह बात किस से कह रही थी ?
- उसने ऐसा क्यों कहा ?
- मक्खी ने शेर से यह बात कब कही ?
- मक्खी की बात सुन कर शेर ने क्या किया ?

प्रश्न **8 .** कविता के आधार पर सही या गलत का निशान लगाइए । गलत कथन को सही करके लिखिए।

(4)

मन करता है सूरज बनकर
आसमान में दौड़ लगाऊँ
मन करता है चंदा बनकर
सब तारों पर अकड़ दिखाऊँ

- कविता में बच्चा चाँद की तरह दौड़ लगाना चाहता है । ( )
- कविता में बच्चे का मन आसमान में दौड़ लगाने का करता है । ( )
- बच्चा तारों पर अकड़ जमाना चाहता है । ( )

प्रश्न **9** " शेखीबाज मक्खी" में मक्खी घमंडी है और अंत में वह मकड़ी के जाल में फंस जाती है ।अगर मक्खी की जगह शेर घंमडी होता तो क्या होता ? 5 से 6 वाक्यों में लिखिए (4)

या

किसने किससे कहा ?
निम्नलिखित वाक्यों को पढिए और शेखीबाज मक्खी पाठ के आधार पर बताइए कि यह वाक्य किसने किससे कहे ?

- उस मक्खी को तो मैं चुटकी बजते ही खत्म कर देती हूँ ।

docs.aglasem.com

aglasem.com

_____ _____

- वरना क्या कर लोगे ?

_____ _____

प्रश्न 10 . “मन करता है” पाठ में कवि का मन कुछ-कुछ करने को करता है । आपका भी यूं ही मन करता होगा। नीचे दी गई परिस्थिति‌ में आप क्या करेंगे ? (4)

जब बारिश हो रही हो।

मन कहता है _____
_____
_____
_____
_____

या

जब तुम बीमार हो और तुम्हारे दोस्त पिकनिक पर जा रहे हों ।

मन कहता है _____
_____
_____
_____
_____

docs.aglasem.com

aglasem.com